किराया देने के पैसे नहीं थे, तो छापने लगा नकली नोट! नागपुर में किराए के कमरे से 37 लाख की जाली करेंसी बरामद



Nagpur Fake Currency News: जब किराया देने के लिए कहीं से रुपयों का कोई इंतजाम नहीं हुआ तो इस शख्स ने खुद ही नोट छापने का फैसला कर लिया. कुछ ही समय में उसने अपने इस फैसले को अंजाम देते हुए 37 लाख रुपए के नकली नोट छाप दिए. वहीं, इस मामले का खुलासा तब हुआ, जब कई दिनों से किराएदार के नहीं पहुंचने पर मकान मालिक को शक हुआ. इसी शक के आधार पर उसने कमरे के दरवाजे पर लगा ताला तोड़ दिया. मकान मालिक जब कमरे में दाखिल हुआ तो वहां का नजारा देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई.

Source: https://hindi.news18.com/news/maharashtra/nagpur-maharashtra-nagpur-man-prints-fake-rs-500-notes-worth-rs-37-lakh-over-unpaid-rent-10935870.html